
हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 12 मई 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

4 तेज आंधी से रेल लाइन पर गिरा पेड़, दो घंटे खड़ी रह गई मेमू ट्रेन



## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्रीमद भागवत कथा 30 से



**बैकुण्ठपुर।** जिले के चरचा कॉलरी में आगामी 30 मई से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार चरचा कॉलरी के हनुमान सेवा समिति द्वारा आगामी 30 मई से 6 जून तक संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा कराया जाएगा। उक्त आयोजन चरचा के हनुमान मंदिर परिसर में होगा। पहले दिन 30 मई को प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा हनुमान मंदिर परिसर से शुरू होगी और छठघाट तक जाएगी, इसके साथ ही प्रतिदिन अपरान्ह 4.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। अंतिम दिन 6 जून को महाप्रसादी भोग लगाने के साथ ही सात दिवसीय उक्त आयोजन समाप्त हो जाएगा। आयोजन में कथा वाचक पंडित अशोक देवाचार्य होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां आयोजन समिति द्वारा शुरू कर दी गई है। हनुमान सेवा समिति चरचा ने सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा जताई है।

### कोल्ड ड्रिंक ठंडा करने के नाम पर 5 रुपए का चार्ज

**बैकुण्ठपुर।** गर्मी के दिनों में शीतल पेय पदार्थो की मांग एकाएक बढ़ जाती है। विभिन्न कंपनियों के तरल पेय पदार्थ की मांग अधिक होने के कारण व्यापारियों के द्वारा भी मौके का फायदा उठाने से नहीं चुकते। शिकायत है कि कोरिया-एमसीबी जिले में कोल्ड ड्रिंक प्रिंट दर से अधिक दर पर बेचा जाता है तो दुकानदार एवं ग्राहकों के बीच में विवाद की स्थिति बनती है। अमूमन सभी कंपनियों के कोल्ड ड्रिंक बाजार में धड़ल्ले के साथ अधिक दाम पर बिक्री की जा रही है। कई ग्राहकों ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक के किसी भी बॉटल पर ठंडा करने के नाम पर दुकानदार 5 रुपए अतिरिक्त चार्ज लेता है। नहीं देने पर कहासुनी की स्थिति निर्मित होते रहती है, इस ओर संबंधित विभाग को ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

### 10 वीं में संजना, सिमरन चित्रलेखा रहीं अव्वल

**बैकुण्ठपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए गए। इसमें पीएस एकेडमी इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल पटना का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। मिली जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में कक्षा 10 वीं में संजना कुशवाहा ने 94.33 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर जगह बनाई, वहीं दूसरे स्थान पर 87.16 प्रतिशत कुमारी सिमरन रही, वहीं तीसरे स्थान पर चित्रलेखा रही, जोकि 80.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।







### कार चालक ने दूसरी कार को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** परिवार के साथ जन्म दिन मनाकर वापस घर लौट रहे कार सवार को दूसरे कार चालक ने टक्कर मार दी है। जयनगर पुलिस ने बताया कि सुरजपुर मानपुर वार्ड क्रं. 14 निवासी प्रार्थी 32 वर्षीय सौरभ श्रीवास्तव गुरुवार 9 मई की रात पत्नी, बच्चे व मित्र डीहू सिंह और उसकी पत्नी व बच्चों के साथ अंबिकापुर सकालो में जन्मदिन समारोह में शामिल होकर रात पौने 12 बजे अपनी सेलेरियो कार क्रं. सीजी 15 सीएक्स 8336 में वापस घर लौट रहा था। तभी ग्राम पंचायत मदनपुर के पास कार क्रं. सीजी 15 सीवी 6718 के चालक ने तेज वाहन चलाते हुए प्रार्थी की कार को विपरीत दिशा से टक्कर मार दिया। घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया।

### जांच में जुटी सिटी कोतवाली पुलिस, पीएम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

# विवाहिता की मौत पर मायके पक्ष का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम सरईगहना निवासी एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में परिजन ने तत्काल महिला को जिला अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया।

वहीं मामले की सूचना पर मप्र उमरिया से विवाहिता के माता-पिता एवं अन्य परिजन भी पहुंचे, तब जिला अस्पताल में मौत को संदिग्ध बताते हुए ससुराल पक्ष पर मार डालने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिए और बाद में जिला अस्पताल परिसर में धरना दे दिया। इस खबर के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया। पुलिस ने मृतका के शव को पीएम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली बैकुंठपुर क्षेत्र के ग्राम सरईगहना में विवाहिता शालिनी जायसवाल पति आलोक जायसवाल उम्र 24 वर्ष ने शनिवार को फांसी लगा ली, इसकी जानकारी पति व परिजन को होने पर विवाहिता को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।



जिला अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन।

### मारपीट करने का आरोप

मृत विवाहिता के पिता आनंद जायसवाल निवासी बड़वाही जिला उमरिया ने कहा कि उनकी पुत्री का विवाह 2019 में आलोक जायसवाल के साथ हुआ था। सालभर सब ठीक रहा, लेकिन इसके बाद उसकी पुत्री ने अपने साथ मारपीट करने की शिकायत कई बार की थी, तब समझाईश कई बार दिया गया था। शारीरिक प्रताड़न के साथ रूपए की मांग करके मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता था। पिता ने अपनी पुत्री की मौत को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि उसकी पुत्री को ससुराल पक्ष के लोगों ने मार डाला।


### माता-पिता ने मौत को बताया संदिग्ध

विवाहिता की मौत की खबर के बाद मप्र के उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव से मृतिका के माता-पिता, मामा सहित अन्य परिजन बैकुंठपुर जिला अस्पताल पहुंचे, यहां पहुंच कर विवाहिता के परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया और मौत को संदिग्ध बताते हुए जिला अस्पताल परिसर में धरना दे दिए। परिजन का आरोप है कि मृतिका के गले में रस्सी का निशान है, इसके अलावा पैर में तथा शरीर के कुछ जगहों पर चोट के निशान हैं, जो मामले को संदिग्ध बताया। वहीं हंगामा की खबर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराकर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### जांच में लिया गया है

इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृतिका की पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**-विपिन लकड़ा**
टीआई सिटी
कोतवाली बैकुंठपुर



शनिवार को दिन में हुई बारिश।

# आंधी के साथ शहर में झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वर्तमान में मौसम में बदलाव के कारण भीषण गर्मी के बीच जिले में आंधी पानी के साथ बौछारे भी पड़ी। जिले में बुधवार को मौसम में बदलाव के कारण तेज आंधी चली तथा बूंदाबांदी भी हुई, इसके दूसरे दिन गुरूवार की सायं पश्चात रात्रि 7:30 बजे अचानक बारिश की बड़ी बूंदो की बौछार कुछ देर तक पड़ी।

■ रोजाना बदल रहा मौसम

इसी तरह तीसरे दिन शुक्रवार को दोपहर के समय में भी हल्की बौछार पड़ी। मौसम का मिजाज बदलने के कारण तापमान में भी उतार-चढ़ाव रहा। शुरूआती दो दिनों के मौसम के बदलाव के कारण तापमान में गिरावट हुई, इसके बाद तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह मौसम साफ हुआ, लेकिन दोपहर में बादल छाने लगे। इस दिन मौसम कुछ खुला ,इसके कारण तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी होकर दिन का अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया। मई महीने के पहले पखवाड़े में मौसम में बदलाव देखने को मिला। इस बीच तापमान 40 के पार भी हो गया था। अब मौसम लगातार साफ रहता है तो फिर से तापमान का पारा 40 पार हो जाएगा, इसके कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार आगामी 25 मई से नवतपा की शुरूआत हो रही है। इस दौरान सूर्य की तपिश सबसे अधिक रहती है। जिस तरह से इस बार मौसम में बार -बार बदलाव देखने को मिल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि नवतपा के दौरान भी मौसम अपना करवट बदल सकता है।

⏭ शेष पेज 4 पर

# चिरमिरी में धूमधाम से मना परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी क्षेत्र में भगवान परशुराम जयंती भक्ति भाव से धूमधाम से मनाया गया। चिरमिरी क्षेत्र सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से हल्दीबाड़ी स्थित नव निर्मित महर्षी भवन से शोभा यात्रा प्रारंभ कर भगवान परशुराम का जयकारा लगाते हुए काफी संख्या में वाहन द्वारा हल्दीबाड़ी, डोमनहिल, गोदरीपारा, बड़ीबाजार होते हुए शोभायात्रा महर्षी भवन पहुंच कर भगवान परशुराम का पूजा-अर्चना किया गया।

ब्राह्मण सभा के कोषाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में पंजीकृत विभिन्न ब्राम्हण संगठनों को एक छत के नीचे लाने का प्रयास हो रहा है, ताकि ब्राम्हण विद्या का समाज हित में उपयोग हो सके। ब्राम्हण समाज की विद्या को बढ़ावा देने के लिए कर्मकांड और ज्योतिष की वैज्ञानिकता के लिए कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। इसमें सरकार की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए तालमेल स्थापित किया जाना है। क्षेत्रिय अध्यक्ष अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय पुरोहित परंपरा घटती जा रही है। कर्मकांड और ज्योतिष के ज्ञाता भी दिन-प्रतिदिन कम हो रहे हैं। अगर समय रहते इस पर गौर नहीं किया गया, तो हम बहुत बड़े सनातन विज्ञान से वंचित हो जाएंगे। ब्राम्हण सभा ने हर जिला में कर्मकांड और ज्योतिष प्रशिक्षण संस्थान खोलने के लिए प्रदेश सरकार से पत्राचार शुरू करने की बाते कही।

राकेश पाराशर ने कहा कि प्रत्येक पर्व त्योहार पर शास्त्रों का मानना अलग-अलग रहता है। इस पर प्रदेश ब्राम्हण सभा ने चिंतन-मनन शुरू कर दिया है। ब्राम्हण सभा कर्मकांड व ज्योतिष के विषय में स्वरोजगार सृजन ⏭ शेष पेज 4 पर



परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा।

## जलकुंभी से पटा तालाब...



**बैकुण्ठपुर।** तालाबो के संरक्षण के लिए सरोवर धरोवर योजना संचालित है, बावजूद इसके तालाबों की स्थिति ठीक नहीं है। शहर के पुराने तालाबों में से एक जेल तालाब पूरी तरह से जलकुंभी से पटा हुआ है। पूर्व में इस तालाब के साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए गए, लेकिन हालत नहीं सुधर पाया।

## चल रही थी हल्दी की रस्म, खुशी में नाचती मां की गिरकर हुई मौत

**रामनगर।** गांव के धौरापारा निवासी फूलचंद के घर गुरूवार को मंडप में बेटी दिलबसिया के विवाह के लिए हल्दी की रस्म चल रही थी। इस दौरान उपस्थित महिलाएं हंसी-ठिठोली के साथ दिलबसिया को हल्दी लगा रही थी।

■ अस्पताल में तोड़ा दम, मातम में बदली खुशियां

इधर बेटी के ब्याह की खुशियों में मां पछन नाच रही थी। पछन को अचानक चक्कर आया तथा वह गिरकर अचेत हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दुल्हन की मां की मौत होने की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। धवरापारा रामनगर निवासी फूलचंद के घर बेटी दिलबसिया के विवाह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थी। गुरूवार को सुबह डीजे की धुन पर पछन नाच रही थी। इस दौरान वह अचानक गिरकर अचेत हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। परिजन अचानक आई परेशानी में व्यस्त रहे। इधर निर्धारित समय के अनुसार शुक्रवार सुबह बारात भी पहुंच गई।

## अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिला न्यायालय के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सूरजपुर जिले के अजबनगर कोली जोर निवासी 36 वर्षीय राजकुमार यादव को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से झोले में 9 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# 72 घंटे चलने वाले अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ



रेल्वे कालोनी में लगातार 55 वें वर्ष हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

72 घंटे चलने वाले श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ 11 मई को प्रातः 6:30 बजे किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

उल्लेखित है कि वर्ष 1970 से अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में किया जाता है। इस वर्ष भी रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 11 मई को प्रातः 6:30 बजे से विश्व कल्याण की मंगल कामना को लेकर अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन आरंभ किया गया। नियत कार्यक्रम के अनुसार 10 मई शुक्रवार की रात्रि 9 बजे वैदिक परंपरा के अनुसार अधिवास पूजन किया गया। आयोजन के अगले 11 मई को प्रातः 6:30 बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। यह संकीर्तन लगातार 72 घंटे तक अखंड़ रूप से चलेगा, इसके उपरांत 14 मई को प्रातः 6:30 बजे समापन होगा। इसी दिन रात्रि 8:30 बजे महोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अखंड हरि नाम संकीर्तन मंडली तथा परिचालन समिति में श्री-श्री मामा भांजा नित्यानंद संप्रदाय कोलकाता, श्री-श्री सन्यासी मंडल भद्राचार्य संप्रदाय आरागाही, श्री-श्री गौरिया संप्रदाय तातापानी, श्री श्री वासुदेव संप्रदाय पन्ना सतना एवं श्री श्री निताई गौर संप्रदाय बलरामपुर के भक्त विशेष रूप से शामिल हैं।

कीर्तन गायिका ने भगवान श्रीकृष्ण के लीला का वर्णन, नृत्य आदि प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जीव जगत को शिक्षा देने के लिए ये लीलाएं की। कलियुग में जीवों का अल्प आयु के कारण उद्धार का एकमात्र उपाय हरिनाम ⏭ शेष पेज 4 पर

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिला अस्पताल में विविध कार्यक्रम

# मरीजों की स्वास्थ्य, सेवा, सम्मान में नर्स की भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विश्व नर्सेज दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल बैकुंठपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित की गई।

जिला अस्पताल के सभाकक्ष में केबी पटेल कॉलेज एवं नर्सिंग, सरभोका के नर्सिंग छात्राओं ने मरीजों की दिन-रात सेवाए आपातकाल में उनकी मदद के लिए हरदम तैयार रहने के संबंध में बहुत ही प्रेरणादायी गीत, नृत्य प्रस्तुत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ.एकता लंगेह ने कहा कि किसी भी अस्पताल व स्वास्थ्य केन्द्रों में नर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। जिस तरह से मरीजों की सेवाएं स्वास्थ्य की देखभाल, सहयोग, समर्पित भाव से करते हैं वह सचमुच सराहनीय है। डॉ.लंगेह ने नर्सों को सम्मान करते हुए कहा कि आज अंतरराष्टीय नर्स दिवस पर जिले के सभी नर्सों को बधाई देती हूं, जो मानव सेवा, मरीजों, दुखियों की सेवा के लिए दिन-रात जुटी रहती है। सभी नर्सों को उनके चुनौती पूर्ण कार्य के लिए सलाम करती हूं, इसके पहले उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किए, मरीजों से बातचीत किए और फ्रूट पॉकेट का वितरण भी किए। नर्सिंग छात्राओं ने सन 1853, 1890, 1975, 1960, 1995, 2004 व 2012 तक नर्सो के पहनावे में आए बदलाव पर जानकारी दिए, साथ ही नृत्य व गीतों के माध्यम से मरीजों, रोगियों की सेवा भाव को प्रदर्शित भी किए। विदित हो कि नोबल नर्सिंग सेवा की शुरूआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनियाभर में 12 मई को अंतरराष्टीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। फ्लोरेंस का जन्म 12 मई सन 1820 को हुआ था। जिन्दगीभर बीमार और रोगियों की सेवा करने वाली फ्लोरेंस का अपना बचपन बीमारी और शारीरिक कमजोरी की चपेट में रहा।

फ्लोरेंस नाइटेंगल के बारे में कहा जाता है कि वह रात के समय अपने हाथों में लालटेन लेकर अस्पताल का चक्कर लगाया करती थी। उन दिनों बिजली के उपकरण नहीं थे, फ्लोरेंस को अपने मरीजों की इतनी फिक्र हुआ करती थी कि दिनभर उनकी देखभाल करने के बावजूद रात को भी वह अस्पताल में घूमकर यह देखती थी कि कहीं किसी को ⏭ शेष पेज 4 पर



कार्यक्रम में उपस्थित सीएमएचओ व अन्य।



विश्व नर्सेज दिवस कार्यक्रम में उपस्थित नर्स।

## कार की डिक्की से 794 पाव अंग्रेजी शराब जब्त

**वाड्रफनगर।** डस्टर कार की डिक्की से पुलिस ने 794 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 94 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। वाड्रफनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रेमनगर की ओर से एक डस्टर कार से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। ऐसे में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर बसंतपुर व वाड्रफनर की पुलिस द्वारा बस स्टैंड वाड्रफनगर में घेराबंदी की गई। इस दौरान डस्टर कार क्रमांक एचआर 26 बीएक्स 9941 सामने से आती नजर आई। पुलिस टीम ने जब कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक साइड से निकलकर काफी तेजी से कार लेकर फरार हो गया। ऐसे में कार का पीछा कर उसे पनसरा मुख्य मार्ग पर रोका गया। पुलिस ने जब उक्त कार की तलाशी ली तो कार की डिक्की से 48 नग खुला ऑफिसर च्वाइस व्हिस्की, गोवा व्हिस्की व समेत कुल 794 पाव अंग्रेजी शराब बरामद किया। जब्त शराब की कीमत 94 हजार 60 रुपए आंकी गई है।

# भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों पर बढ़ा लोड, बार-बार गुल हो रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही टांसफार्मरों पर लोड बढ़ गया है। यही कारण है कि एक के बाद एक ट्रांसफार्मरों में लगाए गए एमसीबी उड़ रहे हैं। इसके अलावा अन्य फॉल्ट भी सामने आ रहे है।

पूर्व की ओर से आ रही गर्म हवाओं के चलते अप्रैल माह के से ही सूर्य ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दिन का तापमान जहां 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं रात के न्यूनतम तापमान में भी 2 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। गर्मी से राहत पाने के लिए घर, आफिस समेत शासकीय दफ्तरों में दिनभर कूलर और पंखा भी चलने लगा है, जिसके चलते बिजली की खपत बढ़ गई है। ट्रांसफार्मरों में लोड बढने एमसीबी धड़ाधड़ उड़ रहे हैं। गर्मी बढने के साथ ही अचानक बिजली का लोड बढने से मेटनेंस करने में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को मशक्कत करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी होने के कारण ट्रांसफार्मर गरम हो रहा है। शार्ट-सर्किट के चलते इसमें आग लगने की घटना सामने आ रही है। खपत बढने के साथ ही बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो गई है। शहर और गांवों में बिजली बार-बार बंद हो रही है। इससे उसम और गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। दर्री में भी लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं।

### उड़ रहे एमसीबी, टूट रहे तार, ट्रांसफार्मर भी छोड़ रहे साथ

**खास बातें**

- बार-बार बिजली की आंख मिचौली से उपभोकता परेशान
- तापमान में भी हो रही बढ़ोत्तरी



### बार-बार गुल हो रही बिजली

फॉल्ट आने पर भरी गर्मी की दुपहरी में बिजली विभाग मेंटेनेंस व मरमत के नाम पर बिजली की आपूर्ति बाधित हो रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इलाके में तेज गर्मी पड़ रही है कभी शहर में बिजली की समस्या तो कभी ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रही है। कई इलाकों में गर्मी में होने वाली समस्याओं से निजात मिल रही है, लेकिन अब ऐसा ही कुछ शहरी इलाकों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है बार-बार बिजली के बंद होने से कई कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### दो बार बैरंग लौटा सिंचाई विभाग का अमला

# दोंदरोनाला में बन रहे एनीकट का ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको बेलाकछार ग्राम से बहने वाले दोंदरोनाला में सिंचाई विभाग के द्वारा बनाए जा रहे एनीकट का ग्रामीणों ने स्थान बदलने की मांग को लेकर विरोध किया है। एनीकट का निर्माण दोंदरो, बेलाकछार व आसपास के ग्रामों के खेतों की सिंचाई के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्माण कराया जा रहा है, किंतु ग्रामीण के स्थान बदलने की मांग पर अड़े होने के कारण सिंचाई विभाग के अमले को दो बार बैरंग लौटना पड़ा है।

**खास बात**

- ग्रामीण कर रहे हैं स्थान बदलने की मांग



दोंदरो नाला जहां बनेगा एनीकट।

सिंचाई के रकबे को बढ़ाने के लिए विभाग के द्वारा शासन को पहाड़ी नालों में एनीकट बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा था ताकि पहाड़ी नालों के पानी का सिंचाई में उपयोग किया जा सके। अपनी इसी योजना के अंतर्गत विभाग के द्वारा ग्राम रोगबहरी के सारबहरा नाला में एनीकट का निर्माण किया गया है। इसी कड़ी में ग्राम दोंदरों से बहने वाले पहाड़ी नाले में भी ग्राम बेलाकछार के समीप एनीकट बनाने का काम सिंचाई विभाग द्वारा शुरू किया जा रहा है। इसके लिए उसके द्वारा नाले में भी स्थान का चयन किया गया है। जिस स्थान पर एनीकट बनाने का काम किया जाएगा वह स्थान काफी चौड़ा है, किंतु ग्रामीण उस स्थान पर निर्माण कार्य का विरोध कर स्थान बदलने की मांग कर रहे हैं, जबकि तकनीकी रूप से एनीकट निर्माण के लिए वही स्थल विभाग के तकनीकी कर्मचारियों ने चयन किया है, किंतु कुछ ग्रामीणों के हठधर्मिता से निर्माण पर रोक लगी हुई है। विभाग के द्वारा इसके पूर्व भी ग्राम परसाखोला नाले में एनीकट बनाने का काम किया जा रहा है। जहां पर विरोध की स्थिति नहीं हुई है।

### बढ़ेगा पानी के केचमेंट का एरिया

एनीकट बनने से बेलाकछार से लेकर दोंदरों तक पानी का केचमेंट एरिया बढ़ेगा और दोनों ग्रामों के किसानों के खेतों में लिफ्ट एरिगेशन के द्वारा खेतों की सिंचाई हो सकेगी। जिसके लिए विभाग ने एनीकट बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। जिस स्थान पर एनीकट बनाया जा रहा है उस स्थान से लेकर लगभग 500 मीटर तक पानी का केचमेंट एरिया रहेगा। जिसके पानी का उपयोग ग्रामीणों के खेतों तक हो सकेगा। एनीकट निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग ने अपने उच्च अधिकारियों को अवगत भी करा दिया है।

### बेजाकब्जाधारी हुए सक्रिय

एनीकट निर्माण का का स्थान बदलने वालों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो नालों के दोनों ओर सब्जी की खेती करते हैं। एनीकट के निर्माण होने के कारण पानी का केचमेंट एरिया बढ़ने से खेती वाली भूमि पानी के डूबान में आ जाएगी, जिससे ग्रामीण सब्जी खेती नहीं कर सकेंगे। यही कारण है कि वे बार बार स्थान बदलने की मांग कर रहे हैं। वहीं पंचायत प्रतिनिधि सिंचाई विभाग के प्रस्ताव को अपनी सहमति दे रहे हैं, किंतु बेजाकब्जाधारियों के विरोध से निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है।

# सर्वमंगला नहर मार्ग पर नहीं दौड़ेंगे भारी वाहन



सर्वमंगला मार्ग में लगी वाहनों की लंबी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुके कुसमुंडा मार्ग का नया निर्माण कराया जा रहा है। मार्ग के निर्माण में विलंब भी हो रहा है। भारी वाहनों के आवागमन के लिए सर्वमंगला मंदिर मार्ग को डायवर्सन रोड बनाया गया है और यह भी खराब होने से लगातार जाम की समस्या व आए दिन दुर्घटना की संभावना बन रही है। कटघोरा एसडीएम ने एक आदेश जारी कर सर्वमंगला नहर मार्ग को प्रतिबंधित किया है।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटघोरा ने जारी आदेश में कहा है कि सर्वमंगला डायवर्सन रोड खराब होने से लगातार ट्रकों के जाम की समस्या होती है एवं आए दिन दुर्घटना होती रहती है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में परेशानियों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आगामी दिनों में मानसून के समय होने वाली परेशानियों व आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सडक निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है अन्यथा वर्षा ऋतु के समय परिवहन में अत्यंत परेशानी हो सकती है। उक्त कारणों को दृष्टिगत रखते हुए आगामी आदेश पर्यन्त भारी वाहनों एवं कोयला परिवहन को सर्वमंगला रेलवे फाटक से उरगा नहर मार्ग तक प्रतिबंधित कर किसी अन्य वैकल्पिक मार्ग से परिवहन करवाने की व्यवस्था किया जावें।

# उधार में दी रकम वापस नहीं मिलने पर उठाया आत्मघाती कदम, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उधार में मोटी रकम देने के बाद रकम वापस मांगने पर उसके खिलाफ ही पुलिस में झूठी शिकायत करने और ऊंची पहुंच का धौंस देने से प्रताड़ित होकर आखिरकार ग्राम बाता निवासी रमाशंकर पाटले ने आत्महत्या कर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। मरने से पूर्व अपने ससुसाइड नोट में भी रमाशंकर ने दो लोगों को मोटी रकम उधार में देने और रकम वापस मांगने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने का उल्लेख किया है। बावजूद इसके अब तक दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नही की गई है जिससे मृतक रमाशंकर के परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।



मृतक।

**खास बात**

- दो लोगों को ठहराया अपनी मौत का जिम्मेदार

ग्राम बाता निवासी रमाशंकर पाटले पिता बुधवारु पाटले ने शरद मसीह और रंजीत रात्रे को मोटी रकम उधार में दी थी। आत्महत्या से पूर्व लिखे सुसाइड नोट में रमाशंकर ने उल्लेख किया है कि क्वार्टर नंबर एलसीएच 13 चटईनार निवासी रंजीत कुमार रात्रे पिता कौशल प्रसाद रात्रे को उसने 5 लाख रुपए की रकम उधार में दी थी। इसी तरह रविशंकर नगर निवासी शरद एस मसीह पिता समुएल मसीह को भी 6 लाख उधार में दिए थे। जिसके बाद जरुरत पड़ने पर रमाशंकर पाटले द्वारा रंजीत कुमार रात्रे और शरद मसीह से उधार में दी गई रकम वापस करने की मांग की गई तब उक्त दोनो लोगों के द्वारा आज देंगे कल देंगे कहकर रमाशंकर को भ्रम में रखा गया। रकम वापसी के एवज में चेक दिया गया पर पैसा नहीं दिया गया। कई बार रकम वापसी की मांग करने पर रंजीत रात्रे द्वारा उसके खिलाफ कटघोरा थाना में झूठी शिकायत दर्ज करा दी गई। रमाशंकर के कटघोरा थाना पहुंचने पर रंजीत सिंह द्वारा उल्टा उसे धमकी दी गई और पैसे की डिमांड की गई। इसी तरह शरद मसीह भी बार बार पैसा मांगने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया। बार बार घुमाया गया और ऊंची पहुंच की धौंस दी गई जिससे मानसिक रुप से परेशान होकर रमाशंकर पाटले द्वारा जान देने का आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। इस हादसे के बाद रमाशंकर को एनकेएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू मे उपचार के दौरान कुछ दिनों में पैसों की तंगी को देखते हुए परिजनों ने उसे जिला अस्पताल रेफर करा लिया जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को रमाशंकर पाटले की मौत हो गई। हैरानी वाली बात यह है कि सुसाइड नोट में रकम देने और रकम वापस नहीं मिलने के कारण रंजीत रात्रे और शरद मसीह से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने का उल्लेख होने के बाद भी अब तक पुलिस ने उक्त दोनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। मृतक रमाशंकर के परिजनों ने रंजीत और शरद के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करने की मांग की है।

# रेल कोच में लगी आग को बुझाने का किया गया प्रयास



मॉकड्रील के दौरान आग बूझाते हुए।

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कड़े कदम उठाए जाते हैं। आपात स्थिति में आग की रोकथाम के लिए स्टेशनों और गाड़ियों के एसी कोच आदि में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध कराए जाते है। आग लगने के दौरान ट्रेन में उपलब्ध अग्निशमन उपकरण का प्रयोग सभी कर्मचारी कर सकें। इसी उद्देश्य बिलासपुर माल गोदाम के पास कंडम कोच में आग लगने का प्रदर्शन कर कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। 9 मई को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा निरीक्षकों तथा संरक्षा सलाहकारों द्वारा कोचिंग डिपो तथा दुर्घटना राहत यान के कर्मचारियों को फायर सेफ्टी नियमों की जानकारी दी गई तथा एक सवारी गाड़ी के कंडम कोच में ज्वलनशील सामान पर आग लगाकर उसे बाहर निकाला गया तथा अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने की विधियों के बारे में प्रशिक्षण देकर उनके ही हाथों अग्निशमन यंत्र का उपयोग कराकर आग को बुझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने कर्मचारियों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया।

**खास बात**

- आपात स्थिति से निपटने किया गया मॉकड्रिल

# आधुनिक तकनीक से कोल स्टॉक का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीवीओ जयंत कुमार खमारी के नेतृत्व में एसईसीएल सतर्कता विभाग ने अत्याधुनिक तकनीक की मदद से एसईसीएल के कुसमुंडा एवं रायगढ़ क्षेत्रों में कोयला स्टॉक, आईटी उपायों जैसे वे-ब्रिज, बूम बैरियर, सीसीटीवी आदि का किया निरीक्षण।

कोयला मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार, गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देने एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एसईसीएल सतर्कता विभाग द्वारा मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमारी के नेतृत्व में एसईसीएल के कुसमुंडा एवं रायगढ़ क्षेत्र में कोयला स्टॉक को मापने का व्यापक अभियान चलाया गया। निवारक सतर्कता (प्रिवेंटिव विजिलेन्स) के तहत चलाए गए इस अभियान में कोयला स्टॉक निरीक्षण करने के लिए सतर्कता विभाग द्वारा 2 टीमों का गठन किया गया था जिसमें 8-9 कोल स्टॉक भंडारण एवं मापने के विषय विशेषज्ञ अधिकारी भी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान इन टीमों द्वारा कोयला स्टॉक मापने के लिए एडवांस्ड 3डी टीएलएस तकनीक का प्रयोग किया गया। इस अभियान के दौरान शनिवार एवं रविवार सहित सतर्कता विभाग की टीमों ने लगातार 6 दिन भीषण गर्मी का सामना करते हुए हर हिस्से में जाकर कोयला स्टॉक की जांच की। कई-कई जगह कोयला स्टॉक की मात्रा काफी अधिक थी लेकिन फिर भी टीम ने पूरी मुस्तैदी पूरे स्टॉक को मापा।



कोल स्टॉक का निरीक्षण करता सीवीओ।

कोयला स्टॉक मापने के अतिरिक्त इस अभियान में विभिन्न आईटी उपायों जैसे वे-ब्रिज, बूम बैरियर, सीसीटीवी, डबल्यूसीएस तथा कोल हैंडलिंग प्लांट, दोनों तरफ का वेमेंट, आदि की भी वृहत समीक्षा की गई। सरकारी कोयला एवं लिग्नाइट कंपनियों में गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देने एवं कोयला स्टॉक मापने से जुड़ी गतिविधियों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से इस अभियान की परिकल्पना अपर सचिव एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोयला मंत्रालय श्रीमती रूपिंदर बरार द्वारा की गई। श्रीमती बरार के दिशा-निर्देशन में संभवतः पहली बार देशभर की कोल एवं लिग्नाइट कंपनियों में एक साथ कोयला स्टॉक जाँचने का यह व्यापक अभियान चलाया गया। मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा भी एसईसीएल में चलाए गए अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की गई।

### पीपीओ रिवाइज्ड किए जाने की प्रक्रिया में हुई देरी

# कोल पेंशनरों का डाटा नहीं जुटा पाई कोल कंपनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के कोल पेंशनरों से डेटा जुटाने में देरी से सभी कोयला पेंशनभोगियों का पेंशन पेमेंट ऑर्डर रिवाइज्ड नहीं हो पाया है। पीपीओ रिवाइज्ड होने के बाद ऑनलाइन प्रक्रिया होने से जीवनसाथी को लाभार्थी की मृत्यु पर पेपरलेस पेंशन भुगतान की सुविधा मिलेगी। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के फेर में कोयला पेंशनरों के जीवनसाथी को परेशान नहीं होना पड़ेगा और बिना देरी के पेंशन का भुगतान भी हो सकेगा।

कोयला कर्मियों को सेवानिवृत्ति के बाद हर महीने पेंशन का भुगतान किया जाता है। कोल पेंशनरों की मृत्यु पर जीवनसाथी को उसके जीवित रहने तक नियमानुसार पेंशन देने का प्रावधान है। जीवनसाथी को लाभार्थी की मृत्यु पर पेंशन पाने दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे दुख की घड़ी में परेशानी झेलनी पड़ती है। रिटायर्ड कोयला कर्मियों को पेंशन भुगतान करने वाली कोल माइंस पेंशन फंड आर्गेनाइजर के पीपीओ रिवाइज्ड कर ऑनलाइन कर प्रकिया पेपरलेस करने की है ताकि बिना किसी कागजी कार्रवाई के जीवनसाथी को लाभार्थी की मृत्यु पर पेंशन भुगतान हो सके। मगर कोल इंडिया की अनेक कोयला कंपनियों ने अब तक कोल पेंशनरों का डाटा नहीं जुटा पाई है। हालांकि इस प्रक्रिया में विलंब होने पर सीआईएल ने अपने सहायक कोयला कंपनियों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर एरिया दफ्तरों में हेल्प डेस्क भी स्थापित की है, मगर रिटायरमेंट के बाद सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों के दूसरी जगह शिफ्ट हो जाने से भी पीपीओ रिवाइज्ड किए जाने की प्रक्रिया में देरी हुई है। कोल इंडिया ने एसईसीएल समेत अन्य सहायक कोयला कंपनियों से रिटायर्ड कोल पेंशनरों को अब 30 जून के पहले अनिवार्य रूप से दस्तावेज अपने संबंधित एरिया कार्यालय में जमा कराने अपील की है। तय प्रारूप में भरकर जरूरी दस्तावेजों समेत कंपनी के पेंशन विभाग में जमा कराना होगा। इससे आश्रित के भविष्य को सुरक्षित होने के साथ निरंतर पेंशन भुगतान हो सकेगा। इस संबंध में कोयला कंपनियों के दफ्तरों में पेंशनरों को जानकारी लेने कहा है।

### एआईएसीई के प्रस्ताव पर अमल नहीं

डाटा जुटाने एआईएसीई के प्रस्ताव को अमल में नहीं लाया ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव ने सुझाव दिया था कि कोल पेंशनरों की डाटा पेंशन वितरण बैंको से जुटाई जा सकती है। मगर इसे अमल में नहीं लाया गया है। अनेक कोयला कंपनियां सभी पेंशनभोगियों से अब तक डाटा नहीं जुटा पाया है। जबकि लगभग 7 महीने का लंबा समय गुजर गया है।

# करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लेपरा के आश्रित ग्राम महुआपारा निवासी एक व्यक्ति को करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार महुआपारा निवासी जाहिलाद यादव मजदूरी व बिजली मिस्त्री का काम करता था। ज्ञात हो कि बरभांठा के आंगनबाड़ी के पास स्ट्रीट लाइट काफ़ी दिनों से खराब थी, जिसे सुधार करने के लिए वह खम्भे पर चढ़ गया, बताया जा रहा है खंबे में बिजली चालू हालत में थी, स्ट्रीट लाइट सुधारने के दौरान करंट लगने से जमीन पर गिर गया, तत्काल स्थानीय लोगो द्वारा गंभीर हालात में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी उपरोड़ा लाया गया। जहा चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्ट्रीट लाइट खराब होने की सूचना बिजली विभाग को दी जा चुकी थी। बावजूद इसके स्ट्रीट लाइट का सुधार नहीं किया गया था। बिजली विभाग की लचर व्यवस्था की वजह से यह घटना घटी है।

**खास बात**

- बांगो थाना क्षेत्र का मामला

## खबर संक्षेप

### पीएचसी पंतोरा में स्टाफ नर्स की हुई पदस्थापना



**कोरबा।** प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पंतोरा में पदस्थ स्टाफ नर्स वीणा पटेल ने दो वर्षों के उच्च अध्ययन एमएससी नर्सिंग की पढाई पूर्ण कर वापस पीएचसी पंतोरा में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिससे अस्पताल में महिला स्टाफ नर्स कमी बनी हुई तो जो आज दूर हो गयी। महिलाओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा के लाभ में बढ़ोतरी होगी, पूर्व में वीणा पटेल की पदस्थापना पंतोरा अस्पताल में रही। इनके द्वारा लोगो स्वास्थ सुविधा प्रदान की जाती थी। उनके अध्यन अवकाश पर जाने से यहां महिला स्वास्थ जाँच, संस्थागत प्रसव सुविधा में कमी आ रही थी। अब उनके कार्यभार ग्रहण करने से अस्पताल में स्वास्थ सुविधा बढ़ेगी, जिससे पंतोरा और आसपास के लोगों को अच्छी स्वास्थ सुविधा मिलेगी।

### मई-जून माह में नहीं है विवाह मुहूर्त जुलाई का करना पड़ेगा इंतजार

**कोरबा।** हर साल अप्रैल से लेकर जून तक ढेरों विवाह होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। अप्रैल में 8 शुभ मुहूर्त के बाद शादी के लिए अगला मुहूर्त जुलाई महीने में है। इसके बीच मई और जून में इस साल कोई भी शुभ मुहूर्त शादी का नहीं है। जुलाई में भी सिर्फ चार मुहूर्त है, उसके बाद फिर चार महीने ब्रेक लग जाएगा। 24 अप्रैल को शुक्र मेष राशि में प्रवेश कर चुका है। जहां पहले से ही सूर्य का गोचर हो रहा है और मेष राशि में प्रवेश करते ही शुक्र अस्त हो गया है। शुक्र 7 जुलाई तक अस्त रहेगा। 6 मई से गुरु ग्रह भी अस्त हो जाएगा, जो 2 जून को उदित होगा, वहीं शुक्र अस्त ही रहेगा। इस कारण मई व जून माह में एक भी लग्न नहीं है। इसके बाद सात जुलाई से लग्न शुरू होगा, जो 16 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। अगस्त सितंबर और अक्टूबर टूबर महीने में भी शादियां नहीं होगी। फिर 17 नवंबर में लग्न शुरू हो जाएगा।

### ट्रेन से कटकर महिला ने की आत्महत्या


**कोरबा।** रेलवे स्टेशन के सेकंड एंट्री से लगे कोयला साइडिंग एरिया में ट्रेन से कटकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पति की मौत के बाद कांति बाई महंत उम्र लगभग 56 वर्ष अपने बेटे के साथ मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी में रहती थी। शुक्रवार की सुबह लगभग 4 बजे घर से दिशा मैदान जाने के नाम से निकाल कर कोयला साइडिंग एरिया में पहुंची और ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ और मानिकपुर चौकी पुलिस मामले की जांच में जुटी। आत्महत्या किस वजह से किया है यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है लेकिन बताया जा रहा है मृतिका का बेटा आदतन शराबी है जिसके शराब पीने की आदत से महिला परेशान रहती थी।

### आंबा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर मिलेगी पदोन्नति

**कोरबा।** निर्धारित उम्र से अधिक हो जाने के कारण सुपरवाइजर पद पर पदोन्नत से वंचित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नियमों में उचित बदलाव करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में 200 पद तथा वर्ष 2023 में 440 पद सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए निकाले थे। इनमें से 50 प्रतिशत पदों को सीधी भर्ती से भरा जाना था तथा शेष 50 प्रतिशत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाना था। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य कई कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर बताया था कि उन्होंने लंबे समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं दी हैं लेकिन उम्र सीमा 45 वर्ष निर्धारित करने के कारण उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। एक अन्य याचिकाकर्ता सुषमा दुबे को इसी आधार पर चयन होने के बावजूद पदोन्नत नहीं किया गया। इन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान शासन ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि उक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर नहीं बनाए जा सकते। जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कहा कि उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक विभाग में सेवा दी है।

11- MAY-Jash-CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/11/2024 7:41 PM Page 1





# प्रभास ने शुरू की 'कन्नप्पा' की शूटिंग, पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और साउथ अभिनेता विष्णु मांचू अपनी महत्वकांक्षी परियोजना 'कन्नप्पा' फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। 'कन्नप्पा' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के कलाकार प्रभास को लेकर है। यूं तो प्रभास के किरदार पर कई अपडेट आ चुके हैं, लेकिन अब उनकी शूटिंग के बारे में नया अपडेट सामने आया है।

लाइफ Style

# श्रुति शर्मा

## आसान नहीं था इंटीमेट सीन

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' इन दिनों चर्चाओं में हैं। यूं तो सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोयराला, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल से लेकर ऋचा चड्ढा तक लीड रोल में नजर आईं, जिनकी एक्टिंग की चर्चाएं भी हो रही हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भंसाली के मास्टरफीस में कई किरदार ऐसे हैं, जिनके किरदारों की लोग खूब तारीफ कर रहे हैं। 29 साल की एक्ट्रेस श्रुति शर्मा भी इस सीरीज का हिस्सा है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रुति शर्मा ने भी इन्हीं की तरह काफी पॉपुलैरिटी हासिल की है। उन्होंने 'सायमा' का किरदार निभाया। हाल ही में उन्होंने सीरीज में 'मल्लिकाजान' के ड्राइवर 'इकबाल' यानी रजत कौल के साथ निभाए गए इंटीमेट सीन को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि इंटीमेट सीन को शूट करना आसान नहीं था। इसके लिए उन्हें काफी दर्द और तकलीफ झेलनी पड़ी।

एक इंटरव्यू में श्रुति ने कहा, 'एक सीन है जिसमें मैं और इकबाल (मल्लिकाजान का ड्राइवर) शामिल हैं, जिसमें हम रोमांटिक हैं। मतलब यह बेहद रोमांटिक सीन है। उस तरह का रोमांस मैंने पहली बार स्क्रीन पर किया था।' हम घूम रहे थे और बात कर रहे थे और आप जानते हैं कि यह कठिन कोरियोग्राफी थी।' मेरे शरीर पर रैशेज पड़ गए, क्योंकि यह बहुत कठोर थे। मुझे लगता है कि हमने उस सीन को पूरे दिन शूट किया और जब वह सीन खत्म हुआ तो मेरा काजल धूल-मिट्टी की वजह से खराब हो गया था लेकिन, सीरीज में ये सीन बहुत सुंदर लग रहा है।



हॉलीवुड मसाला

# जेंडया को देख टॉम हुए लट्टू



**लॉस एंजिलिस।** जेंडया हाल ही में मेट गाला 2024 फैशन इवेंट में शामिल हुईं। उन्होंने अपने दोनों लुक्स से फैंस के होश उड़ा दिए। बॉयफ्रेंड टॉम हॉलैंड भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। दोनों का रिलेशनशिप कई बार ऑन-ऑफ हुआ, लेकिन वे इशारों में एक-दूसरे के लिए प्यार जताने से पीछे भी नहीं हटते। हाल ही में जेंडया दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट मेट गाला 2024 में शामिल हुईं। फूलों, तितलियों और चिड़ियों वाली दो ड्रेसेस पहनी, जिसमें वो बला की खूबसूरत लगीं।



# रिहाना, लेडी गागा और कैटी पेरी की तस्वीरें देख लोग खा गए गच्चा

**लॉस एंजिलिस।** मेट गाला में ग्लोबल सितारों का तांता लगा, जबकि कई जाने-माने सितारे इस फैशन इवेंट में शिरकत नहीं कर पाए। इस लिस्ट में रिहाना, कैटी पेरी और लेडी गागा का नाम शामिल है। लेकिन ये हसीनाएं एआई के डीपफेक का शिकार हो गईं। इनकी नकली फोटो देख फैंस गच्चा खा गए। साउथ से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक के कई सितारे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के डीपफेक टूल का शिकार हो चुके हैं, जिसमें चेहरा किसी और का होता है और बॉडी किसी और की। इन तस्वीरों को देखकर असली और नकली में फर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। अब मेट गाला 2024 में शिरकत करने वाले सितारों की तस्वीरों के साथ भी खिलवाड़ हुआ है। रिहाना से लेकर कैटी पेरी और लेडी गागा तक की फोटोज को एआई के डीपफेक टूल की मदद से एडिट करके खूब शेयर किया जा रहा है, जबकि तीनों ही इस साल फैशन इवेंट में शामिल ही नहीं हुई हैं।



# कपिल शर्मा ने छिड़का जले पर नमक


**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया प्रोमो सामने आ गया है जिससे पता चला है कि शो में संजय लीला भंसीली की सीरीज 'हीरामंडी' की अदाकाराएं शिरकत करने वाली हैं। शो में कपिल शर्मा पानी पूरी का ठेला लगाएंगे। लेकिन जब 'हीरामंडी' की अदाकाराएं उनसे पानी पूरी खिलाने को कहेंगी तो कपिल उन्हें खिलाने से इनकार कर देंगे। कपिल शर्मा शो में सोनाक्षी सिन्हा से उनकी शादी को लेकर भी सवाल करने वाले हैं। प्रोमो में कपिल कहते हैं- 'आलिया ने शादी की, कियारा ने भी कर ली। आप कब करेंगी?'ऐसे में सोनाक्षी उन्हें जवाब देती हैं, 'जले पर नमक डाल रहे हो, वो जानता है कि मुझे कितनी जोर से शादी करनी है।' इसके अलावा ऋचा चड्ढा सोनाक्षी से पूछती हैं कि उन्होंने सबसे ज्यादा कितने रीटेक लिए हैं। तो सोनाक्षी कहती हैं कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने 12 से ज्यादा रीटेक लिए होंगे।



# रोल बेच रहे मासूम की मदद के लिए आए सामने

**मुंबई।** 'सिंघम' फ्रेंचाइजी के साथ अपने रचे कॉप यूनिवर्स के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले रोहित शेट्टी की फिल्म में अर्जुन कपूर खलनायक के रोल में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अर्जुन सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अब हाल ही में उन्होंने दरियादिली दिखाई और रोल बेच रहे एक लड़के की मदद की है। इस वीडियो में वह बच्चा अपने पिता को खोने के बाद सड़क पर रोल बेचकर घर चलाता है। अब इस बच्चे की वीडियो को देखकर अर्जुन कपूर का दिल पसीज गया है। अभिनेता 10 वर्षीय जसप्रीत सिंह की मदद के लिए आगे आए हैं। अर्जुन ने जसप्रीत के साहस की सराहना की है। उन्होंने लिखा, 'चेहरे पर मुस्कान के साथ, वह आगे की जिंदगी और उसके साथ आने वाली सभी चीजों का सामना कर रहा है।

टीवी मसाला



# 'भाभी जी घर पर हैं' का ट्रेलर आउट, फैमिली ड्रामा है मूवी

नई दिल्ली। अब तक आप सब टीवी पर भाभी जी घर पर हैं कॉमेडी सीरियल देखते आए हैं, लेकिन अब इसी टाइटल से एक फिल्म का निर्माण हुआ है। जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शंस प्रस्तुत निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह की फिल्म 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर आउट हो गया है। इस फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी, रक्षा गुप्ता, देव सिंह और राकेश बाबू प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसका निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है।फिल्म का ट्रेलर 4:13 मिनट का है, जिसमें फिल्म की एक आकर्षक झलक देखने को मिल रही है।संवाद और गाने भी कमाल के लग रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को खूब पसंद भी आ रह है। फिल्म को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि फिल्म बेहद दमदार बनी है। इसकी झलक ट्रेलर मंल साफ दिखाई दे रही है। पूरी तरह से कमर्सियल होते हुए भी फिल्म की कलात्मक प्रस्तुति और नरेशन इतना जानदार है कि दर्शक जब फिल्म देखेंगे, तो महसूस कर पायंगे कि भोजपुरी सिनेमा कितनी समृद्ध हो चली। बात अगर फिल्म की कहानी की करें तो सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों पर इसकी कहानी आधारित है।

# श्रद्धा आर्या लीप के बाद 'कुंडली भाग्य' को कहेंगी अलविदा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने टीवी से लेकर साउथ की फिल्मों तक अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस को इन दिनों टीवी के पॉपुलर सीरियल 'कुंडली भाग्य'में देखा जा रहा है। इस शो में वह 'प्रीता'का किरदार निभा रही हैं। 'कुंडली भाग्य' टीवी पर टेलीकास्ट होने वाले सबसे लंबे शोज में से एक है। शो में पहले भी जनरेशन लीप आ चुका है जिसके बाद सीरियल में कई नए एक्टर्स की एंट्री हुई थी और अब लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार श्रद्धा आर्या के इस लोकप्रिय शो में एक बार फिर लीप आने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो की नई कहानी अच्छी टीआरपी लाने में विफल रही है। जिसके बाद मेकर्स ने शो में एक और लीप लाने का फैसला किया है। 'कुंडली भाग्य' के अपकमिंग लीप के बाद एक्टर पारस कलनावत, सना सैय्यद और बसीर के साथ ही श्रद्धा आर्या भी शो को अलविदा कह देंगी।



# अनोखे किरदार में आएंगे नजर

**मुंबई।** सैफ अली खान के फिल्मी करियर में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला है। 2023 में आई सैफ अली खान की 600 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' भी फ्लॉप रही। फिल्मों में दमदार भूमिका निभाने के बाद भी सैफ को उनकी कई फिल्मों में लगातार निराशा ही हाथ लगी है। लेकिन अब लगता है कि निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म सैफ अली खान के लिए वरदान साबित हो। इस फिल्म में सैफ एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जिसे उन्होंने आजतक कभी नहीं निभाया है।



फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव ने एक अंधे व्यक्ति का किरदार निभाया है। वहीं, अब सैफ अली खान ने 'श्रीकांत' की राह अपना ली है। निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ एक अंधे व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जुलाई और अगस्त के महीने में शुरू की जाएगी। इस फिल्म की शूटिंग को प्रियदर्शन सिर्फ 40 दिनों में ही खत्म कर देंगे। 'हेरा फेरी', 'गरम मसाला', 'भागमभाग', 'चुप चुप के' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक प्रियदर्शन की दो फिल्में इस साल रिलीज होंगी। पहली मलयामल फिल्म है, जिसे वह अक्षय कुमार के साथ बना रहे हैं। दूसरी फिल्म सैफ अली खान के साथ बनाने का फैसला लिया है। प्रियदर्शन ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक फिल्मों का निर्देशक किया है। सैफ के साथ ही उनके फैंस को भी उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। प्रियदर्शक के साथ सैफ की इस फिल्म की रिलीज डेट की अभीतक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फैंस सैफ की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# सांवली लड़की के जज्बे की सपनों भरी कहानी है 'खूबसूरत'

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल नए शो 'खूबसूरत' के आगमन का संकेत दे रहा है, जो एक दिल छू लेने वाली कहानी है। यह दर्शकों को मुंबई की जिंदगी के मुश्किल मोड़ों की खास यात्रा पर ले जाने को तैयार है। चैनल सपनों की इस कहानी में दर्शकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उन्हें एक साधारण लड़की नव्या के प्रति आकर्षित करेगी, जिसके जीत का जज्बा (जुनून) उस शहर की धड़कन की तरह अजेय है, जिससे वह जुड़ी है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है। परिवार में वह एकमात्र सांवली है और इस कारण अपने पिता की अस्वीकृति के बावजूद वह कुछ बड़ा करना चाहती है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा उसकी त्वचा के रंग को लेकर किए जाने वाले तानों से विचलित हुए बिना नव्या ने अपना घर चलाने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं पर ब्रेक लगाने से इनकार किया है। चाहे वह मेज पर इंतजार कर रही हो, अपनी शहनाई के साथ बारातों का स्वागत कर रही हो या भोजन पहुंचा रही हो, कोई भी काम उसे अपनी धूप की ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती। सामाजिक मानदंडों की चुनौतियों के साथ, क्या उसका जज्बा सफलता के मुकाम पर पहुंचेगा?

# अदाकारी ही नहीं, फैशन में भी माहिर हैं बॉलीवुड हसीनाएं



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा उद्योग बहुमुखी प्रतिभाओं से भरा हुआ है। बॉलीवुड के कई सारे कलाकार अभिनय के अलावा कई कार्यों में पारंगत हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण उनके प्रशंसकों की लिस्ट भी बहुत भारी-भरकम है। आज हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के नाम जानेंगे, जो अभिनय के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।

## शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी 90 के दशक की अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री अपनी फिटनेस और खूबसूरती के चलते अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनके प्रशंसक उन्हें फिटनेस आइकन मानते हैं। शिल्पा शेट्टी का फैशन सेंस भी बहुत ही शानदार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री एक शानदार डांसर, कुक के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।



## बड़े ब्रांड्स की हैं मालकिन

## दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में शामिल है। उनके अभिनय की ना सिर्फ प्रशंसक, बल्कि आलोचक भी सराहना करते हैं। दीपिका ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत 'ओम शांति ओम' से की। जब से उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की तब से लेकर अब तक उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी। दीपिका अपने फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। बता दें कि दीपिका पादुकोण अभिनेत्री के साथ-साथ एक फैशन डिजाइनर भी हैं।

## आलिया भट्ट

आलिया भट्ट भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शुमार है। अभिनेत्री दुनिया के सौ सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शामिल हैं। अभिनय के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और छह फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुके हैं। बॉलीवुड में आलिया ने अपने करियर की शुरुआत करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया ने अपना पहला रैंप वॉक अपनी ड्रेसेज के शो में किया था।



## मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की सबसे फिट अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बॉलीवुड की कई प्रतिष्ठित फिल्मों में अपने डांस की प्रस्तुति दी है। जिसमे 'दिल से'फिल्म में 'छैया छैया', 'दबंग' में 'मुन्नी बदनाम हुई' जैसी फिल्में शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री का 'द क्लोसेट लेबल' नाम का एक ब्रांड भी है।



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता झारखंड में चुनाव प्रचार की संभालेंगे कमान

**सूरजपुर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही प्रदेश के भाजपा नेताओं को झारखंड प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार की जवाबदारी सौंपी जा रही है। झारखंड प्रदेश के लोकसभा चुनाव में जिले से भटगांव विधायक व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े दुमका लोकसभा क्षेत्र की जवाबदारी सौपी गई है। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र मे प्रचार अभियान की कमान संभालेंगे। भाजपा पदाधिकारियों को झारखंड के अलग लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों मे प्रचार अभियान को तेज करने की जवाबदारी होगी। झारखंड प्रदेश मे अभी किसी भी लोकसभा क्षेत्र मे चुनाव संपन्न नही हुए हैं। ऐसे छत्तीसगढ़ के विधायक सहित महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को अलग अलग क्षेत्रों मे भेजा जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल दुमका लोकसभा क्षेत्र के जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र मे चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश मे लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके है इसलिए प्रदेश के नेताओं को पड़ोसी राज्य झारखंड में लोकसभा चुनाव अभियान को तेज करने की जवाबदारी दी गई है। इसको लेकर आज सभी भाजपा पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से झारखंड के लिए रवाना होंगे।



### महिलाओं से लूट करने मामले का फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर गांधीनगर से कपड़े की खरीददारी कर अपनी बेटी के साथ स्कूटी से वापस घर गजाधरपुर लौट रही महिला कांति देवी से गत 28 मार्च की दोपहर को बनारस मार्ग में सोनवाहि जंगल के पास स्कूटी रुकवाते हुए उनके झोले में रखे नगदी रकम 4200 रुपए को लूट लिया गया था,उक्त मामले में फरार हुए दूसरे आरोपी दीपक यादव आत्मज मथुरा यादव 27 वर्ष गंगापुर खुर्द को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।लटोरी चौकी प्रभारी अरविंद प्रसाद ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने दुसरे दिवस एक आरोपी सहजोर अली आत्मज अयूब अली 32 वर्ष निवासी ईरानी मोहल्ला अम्बिकापुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की रक़म एक हज़ार रुपए व घटना में प्रयुक्त बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 15 सीएस 7142 को जप्त किया था।घटना के बाद से दूसरा आरोपी फरार चल रहा था जिसकी पुलिस को तलाश थी ,शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर दूसरे फरार चल रहे आरोपी दीपक यादव को धारा 392, 34 के आरोप के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया है।



### मारपीट से गंभीर ग्रामीण ने अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** घर में अचेत हालत में ग्रामीण के मिलने तथा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। ग्रामीण मारपीट करने से घर में अचेत पड़ा था। पुलिस ने हत्या के आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार करौंधा थाना अंतर्गत ग्राम सुरबेना निवासी प्रभु दास आ. नईया उरांव (61 वर्ष) 4 अप्रैल की रात घर में अकेले था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने वृद्ध को मारपीट कर घायल कर दिया। इधर घटना की सुबह भतीजा अरविंद तिर्की आ. बुधना उरांव (35 वर्ष) तब लगा जब गांव के चौकीदार बिगन व लंबू उरांव ने आकर उसे बताया कि उसका चाचा प्रभु दास घर में बेहोश पड़ा हुआ है। जानकारी लगते ही अरविंद तिर्की चाचा प्रभु के घर गया देखा कि चाचा प्रभु गंभीर हालत में पड़ा हुआ था और मुह पेट में खून लगा था। घायल की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

---

### बेमौसम बारिश ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

# रजपुरीकला-सिरकोतंगा मार्ग कीचड़ में तब्दील, आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

**खास बात**
- मरम्मत के अभाव में सड़क पर बन गए गड्ढे

गर्मी के इस मौसम में लोग जहां चिलचिलाती धूप से परेशान है। इधर अचानक मौसम के बदलते था बेमौसम बारिश होने से लोगों को तो गर्मी से राहत मिलती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क के जर्जर होने और चंद घंटे होने वाली बारिश ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है। बीती रात भी अचानक मौसम बदलने से तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई। सड़क पर पानी एकत्र होने तथा कीचड़ ने राहगीरों सहित क्षेत्र के लोगों की परेशान बढ दी। पूर्व में भी लोगों ने जर्जर सड़क की मरम्मत करने कई बार मांग की परंतु आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में क्षेत्र के लोग गर्मी में धूल तो बारिश होने पर कीचड़ सड़क पर आवागमन करने को मजबूर है।

लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत अमेरा कोल परियोजना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजपुरी कलां, सिरकोतंगा, पुहपुटरा, कटकोना सड़क का निर्माण लगभग 12 वर्ष पूर्व एसईसीएल द्वारा कराया गया था जिससे इस मार्ग से कोयला परिवहन किया जाता था। कोयला परिवहन के दौरान सड़क की हालत काफी अच्छी थी परंतु अमेला कोल खदान से जब इस मार्ग से कोयला परिवहन बंद हुआ तो सड़कों की हालत जर्जर होने लगी। देखरेख व मरम्मत के अभाव में सड़क की हालत ऐसी हो गई है अब मार्ग से लोगों को गुजरा काफी कठिन हो गया है। सड़क की हालत जर्जर होने से आए दिन दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है।

पिछले दिनों हुई बारिश के बाद सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने तथा पक्की सड़क के उखड़ने से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसे में आने-जाने वाले राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कटकोना, पुहपुटरा, सिरकोतंगा व रजपुरी कला के लोग इस मार्ग से ही जिला मुख्यालय या जनपद पंचायत जाते हैं। क्षेत्र के लोगों ने जर्जर सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की परंतु आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी। ऐसे में थोड़ा बहुत भी बारिश हुई तो सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। बीती रात भी तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। लगभग दो तक हुई बारिश से सड़क तरबतर हो गया। पानी सड़क पर ही जमा हो जाने से जर्जर कीचड़ में तब्दील हो गई। इस तरह की स्थिति बेमौसम बारिश से हमेशा निर्मित हो जाती है जबकि बरसात के मौसम में बारिश होने पर मार्ग से गुजरना दूभर हो जाता है।



सड़क पर कीचड़ व जमा पानी।

#### 12 साल बाद भी नहीं हुई मरम्मत

ग्राम पंचायत सिरकोटंगा निवासी देवनाथ राम राजवाडे, रामवृक्ष मानिकपुरी, जगन्नाथ राजवाड़े सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क लगभग 10-12 साल पहले बना था लेकिन आज तक मरम्मत नहीं की गई। बरसात के मौसम में सड़क पर पानी जमा हो जाने से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। कई बार जनप्रतिनिधियों अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया परंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में बरसात के मौसम में परेशानी होती है वहां बेमौसम बारिश से आवागमन करने से काफी दिक्कत होती है।

#### ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मत कराने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि मौसम का मिजाज लगातार परिवर्तनशील है कभी अत्यंत गर्मी तो कभी अत्यंत बारिश होती है। मतदान दिवस की दोपहर भी अचानक मौसम बदलने के साथ तेज आंधी के बारिश हुई जिससे जगह पेड़ पौधे की डंगाल टूट गई तो कई घरों के छप्पर भी उड़ गए। इसी प्रकार बीती रात भी तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई जिससे सड़क पर पानी एकत्र हो जाने से कीचड़ में सराबोर हो गई। जनपद पंचायत लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रजपुरी कला से सिरकोतंगा, पुहपुटरा मार्ग पर पानी निकासी के साधन नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर जमा हो गई जिससे आने जाने में काफी दिक्कत बढ़ गई। ग्रामीणों ने इस जर्जर मार्ग की मरम्मत कराने जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से आसपास गांव के बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। बरसात से पूर्व जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो बरसात के दिनों में आवागमन के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

---

## चेन मार्किंग कंपनी में नौकरी के नाम पर 70 हजार की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





- चार लोगों को जोड़ने पर किया कमीशन का वादा, बेचने के लिए थमाए कपड़े

निजी कंपनी द्वारा नौकरी लगाने व चेन मार्केटिंग में कपड़ा बिकवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 76 हजार व कम्पनी के बिल व दस्तावेज जब्त किए है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पर्री निवासी बालेश्वर राजवाड़े को उसके पूर्व परिचित व्यक्ति द्वारा नवापारा में संचालित वर्चुअल फैशल असिस्ट प्राईविट लिमिटेड कंपनी में नौकरी दिलवाने की बात कही गई थी। पूर्व परिचित की बातों में आकर युवक ने अपने दस्तावेज दे दिए जिसके बाद कम्पनी के सीईओ विनय जायसवाल व एमडी सुनील जायसवाल द्वारा उसे कम्पनी में ज्वाइनिंग देने के साथ ही 4 दिनों की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान उससे 70 हजार रुपए कम्पनी में काम करने के लिए लिया गया और उसे 70 हजार रुपए के कपड़े बाजार में बेचने के लिए दिए गए थे। इस दौरान युवक को बताया गया था कि कम्पनी में चार अन्य लोगों को जोड़ने पर उसे 60 हजार रुपए कमीशन देने की बात भी कही गई थी।

ऐसे में युवक ने जब कम्पनी में काम करते हुए चार लोगों को ज्वाइन कराया तो उसे सिर्फ 1900 रुपए दिए गए। वहीं कम्पनी से जो कपड़े दिए गए वो बाजार मूल्य से काफी अधिक निकले ऐसे में युवक 16 फरवरी को कम्पनी के ऑफिस पहुंचा तो ऑफिस बंद था। जब युवक कम्पनी के सीईओ और एमडी से मिलने उनके ऑफिस पहुंचा तो बताया गया कि कम्पनी को बंद किया जा रहा है और कर्मचारियों को भी निकाला जा रहा है। ऐसे में उसे अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। बालेश्वर राजवाड़े ने घटना की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की थी पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मामले में बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर केसारी निवासी 32 वर्षीय सुनील जायसवाल व 25 वर्षीय विनय जायसवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में वर्चुअल फैशन असिस्ट प्रा लि कम्पनी के खातों कों होल्ड कराया है जिसमें जिसमे 76424 रुपए जमा है। वहीं कम्पनी के दस्तावेज जब्त करने के साथ ही दोनों युवकों को धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर अश्वनी सिंह, एसआई रश्मि सिंह, सउनि अनिल कुमार पाण्डेय, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय शामिल रहे।

---

## तेज आंधी से रेल लाइन पर गिरा पेड़, दो घंटे खड़ी रह गई मेमू ट्रेन

**बिश्रामपुर।** करंजी-सूरजपुर रेल खंड अंतर्गत शुक्रवार को तेज आंधी तूफान की वजह से एक पेड़ के रेलपथ पर गिर जाने से करीब दो घंटे तक शहडोल अंबिकापुर मेमू ट्रेन सुरजपुर स्टेशन में खड़ी रह गई ।

जानकारी के अनुसार करंजी-सूरजपुर के किलोमीटर 1008 का 3-4 करंजी सूरजपुर रेल खंड पर शुक्रवार को आंधी तूफान की वजह से एक पेड़ रेल पथ पर गिर गया था। जिस वजह से रेल यातायात बाधित हुआ। बताया जा रहा है कि शहडोल-अंबिकापुर मेमू यात्री ट्रेन को सूरजपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग दो घंटे खड़ी कर रखी गई थी। रेल खंड पर करीब दो घंटे बाद काफी मशक्कत उपरांत दुरुस्त करके रेल आवागमन को बहाल कराया जा सका।



### करंजी पुलिस की सुस्त कार्यशैली से ऑनलाइन सट्टेबाज़ को मिली जमानत

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के करंजी पुलिस द्वारा दो दिनों पूर्व ग्राम राई के जूनापारा में आइपीएल क्रिकेट मैच में स्काई एक्सचेंज से ऑनलाइन सट्टा खिलवाने व लिंक के माध्यम से पासवर्ड देने के मामले में गांव के आरोपी युवक रवि जायसवाल पिता केशव प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा खिलाने में प्रयुक्त तीन नग महंगे मोबाईल के साथ सट्टा पट्टी के लेनदेन का मोबाइल स्क्रीन शॉट का रिकार्ड जप्त कर आरोपी रवि जायसवाल के विरुद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा से 7,8 की कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया था।

## अक्षय तृतीया पर दो बाल विवाह रोकने में मिली सफलता

**बिश्रामपुर।** अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर प्रशासनिक तंत्र सक्रिय रही। अक्षय तृतीया के अवसर पर टीम को ग्राम पंचायत कोरेया से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बालिका जिसका विवाह रुकवा दिया गया था। बावजूद इसके बाल विवाह को परिजन द्वारा गुप चुप तरीके से आज रात में करने वाले थे।

सूचना मिलते ही मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में प्रशिक्षु डीएसपी एवं थाना प्रभारी जयनगर स्मृग्धा सलामे, परियोजना अधिकारी वर्षा अग्रवाल, नायब तहसीलदार हिना टंडन, काउंसलर जैनेन्द्र दुबे, चाईल्ड लाईन क्वाडिनेटर कार्तिक मजुमदार की टीम गांव पहुंची तो देखा कि यहां विवाह की कोई तैयारी नहीं है। वर पक्ष का नंम्बर लेकर बात किया गया और सरगुजा के महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क करने पर पता चला कि लड़के की शादी की तैयारी चल रही है और बकायदा मंडप सजाकर कार्यक्रम चल रही है। यह भी पता चला कि आज बारात जाने वाली है और रात्रि में विवाह होने वाली है। बालिका का कथन लेने पर बालिका ने उक्त बात की पुष्टि की। विवाह हो जाने की संभावना पर बालिका को बाल कल्याण समिति सूरजपुर में प्रस्तुत करने हेतु एवं उसे आश्रय हेतु सखी वन स्टॉप सेन्टर ले जाने का पंचनामा तैयार किया गया। बालिका को सखी वन स्टॉप सेंटर ले जाते समय परिजन द्वारा काफी विरोध किया गया। बालिका को बाल वधु बनने से रोकेने के लिए टीम ने बालिका को अपने साथ ले जाने में सफलता हासिल की।



---

## पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से चार दिनों तक गर्मी से रहेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिंका की सक्रियता से पहुंच रही पर्याप्त नमी

पछुआ विक्षोभ सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभाव से मौसम ने एक बार फिर करवट बदला है। मौसम में आए बदलाव के कारण फिलहाल तापमान में वृद्धि नहीं होने एवं गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी आगामी तीन-चार दिनों तक विक्षोभ के प्रभाव से तेज रफ्तार हवाओं एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने एवं तापमान के सामान्य स्थिति में रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। अप्रैल के महीने में मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के बाद मई में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन मई के शुरूआत में पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से गर्मी से राहत रही। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद 5 मई को पहली बार दिन का तापमान 41.2 डिग्री पहुंचा तो लोग बेचैन हो उठे।

इसी दौरान दूसरे विक्षोभ की सक्रियता से तापमान गिरने के कारण गर्मी से राहत मिल गई। तीन दिन पूर्व सक्रिय हुए पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभाव से पछुआ विक्षोभ को ताकत मिलने के कारण अभी भी विक्षोभ प्रभावी है। विक्षोभ के प्रभाव से गुरूवार को देर शाम गरज-चमक एवं तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कमोवेश वर्षा हुई जिसके प्रभाव से एक बार फिर मौसम में बदलाव हुआ है। इधर उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसके आगामी 3-4 दिनों तक प्रभावी रहने का अनुमान है। ऐसे में अब मई के प्रथम पखवाड़े में तेज गर्मी पड़ने की संभावना नहीं है। निकट भविष्य में कोई दूसरा विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ तब भी मध्य मई तक तापमान के सामान्य के निकट रहने एवं भीषण गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस दौरान दिन में आसमान साफ रहेगा लेकिन शाम ढलते ही आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ तेज हवा गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना रहेगी। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि इस दौरान धूप-छांव की स्थिति बनने के कारण दिन का तापमान सामान्य रहने का अनुमान है।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### शिवनन्दनपुर शराब दुकान के अहाता संचालन का टेंडर खुला

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के शिवनन्दनपुर कम्पोजिट अंग्रेजी शराब दुकान में अहाता संचालन का टेंडर 10 मई शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों व जिला कलेक्टर की मौजूदगी में खोला गया। इसमें जयनगर बाबूपारा निवासी शांतनु सिंह आ. गुलाब सिंह को संचालन हेतु चयन किया गया है। बताया गया कि शिवनन्दनपुर अहाता संचालन हेतु कुल दो ऑनलाइन टेंडर फॉर्म भरे गये थे जिसमें करीब पौने सत्रह लाख रूपये की सबसे अधिक सालाना फीस अदाएगी के साथ शांतनु का नाम सबसे आगे था। गौरतलब है कि शिवनन्दनपुर कम्पोजिट शराब दुकान के अहाता संचालन हेतु 25 अप्रैल तक ऑनलाइन फॉर्म भराए गये थे।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

## पेज 1 का शेष

### आंधी के साथ ...

मौसम के मार से लोग पड़ रहे बीमार- बार-बार मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। तेज गर्मी के बीच मौसम में बदलाव के कारण लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इसके कारण कई लोग बीमार पड़कर अस्पताल पहुंच रहे हैं। गर्मी में सेहत का ध्यान रखना जरूरी है, साथ ही तेज धूप से बचने की कोशिश भी करना चाहिए अन्यथा बीमार होते देर नहीं होती।

### चिरमिरी में धूमधाम ...

में सरकार से सहयोग की मांग करेगी साथ ही क्षेत्र में निःशुल्क सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है, ताकि ब्राम्हण समुदाय में कोई भी सदस्यता से वंचित न रहे। इस दौरान सर्व सर्व ब्राम्हण समाज के राजू महाराज, राकेश परासर,रमाशंकर मिश्रा, लक्की परासर, बीपी तिवारी, द्रोणाचार्य दुबे,वाचस्वपती दुबे ,धर्मेन्द्र त्रिपाठी, संजीत झा, विश्वजीत तिवारी, रबी शुक्ला, हमाम मिश्रा, शिवानंद तिवारी, अभिमन्यु दुबे,आशुतोष अग्निहोत्री, गोलू पाण्डे,राजकुमार दुबे ,रबी दुबे, सुदामा शुक्ला सहित काफी संख्या में सर्वब्राम्हण समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### 72 घंटे चलने ...

संकीर्तन है। दिनभर अपने कर्म करते हुए कम से कम एक बार सच्चे मन से भगवान का स्मरण करना चाहिए। लीला के क्रम में कहा कि गौरांग महाप्रभु जात-पात, ऊंच-नीच का भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हम सभी सांसारिक जीव को हमेशा सत्कर्म व जीवों के प्रति दया भाव रखना चाहिए। सभी जीवों में भगवान का अंश है। अक्सर लोग बिना कुछ सोचे समझे गलत कार्य कर बैठते हैं तथा अच्छे फल प्राप्ति की आशा करते हैं, जो कदापि संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सुंदर समाज निर्माण के लिए सत्संग व सत्कर्म करना चाहिए।

### मरीजों की स्वास्थ्य...

उनकी जरूरत तो नहीं है। नर्सिंग छात्राओं ने मरीजों को बेहतर इलाज, आपात समय में उपचार, जांच आदि कार्यों में डॉक्टरों की सहायक के रूप में कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर, सिविल सर्जन डॉ.आरपी बनसरिया, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रियांशु सिंह थॉमस सहित काफी संख्या में नर्सिंग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं नर्स उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जयंती पर विधि-विधान से स्थापित किया गया झंडा

**कुसमी।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आज कुसमी शिव मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर बाजे गाजे के साथ शिव मंदिर प्रांगण से सब्जी मंडी तक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रैली निकाली गई। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व से स्थापित भूमि स्थल पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर मंत्र उच्चारण एवं पूजा अर्चना के साथ झंडा को स्थापित किया गया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व काँचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)